# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

## बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग

## वार्षिक विवरण

## 2023 -24

**Faculty of commerce**

1. Dr. Manju Khatri

Assistant Professor

2. Miss Sapna

Assistant Professor

## About department

## Course Offered

| Sr. No. | Course offered | From |
|---|---|---|
| 1 | B.COM. (NEP-2020) | 2023-24 |
| 2 | B.COM. (OLD) | |
| 3 | M.COM. (NEP-2020) | 2023-24 |
| 4 | M.COM. (OLD) | |
| 5 | UGC-COC- CERTIFICATE | |
| 6 | UGC-COC- DIPLOMA | |

## Various activities during session 2023-24

## 1. Departments meetings:

- **PG Association**
- **UGC-COC**

## 2. Industrial Tour

## 3. UGC-COC and PG Association inauguration

- **Special lecture by Dr. Rakesh Dashora**

## 4. बैंक विजिट

**विषय : बैंक भ्रमण के माध्यम से बैंकिंग कार्य प्रणाली एवं रोजगार का व्यावहारिक ज्ञान**

24 नवंबर 2023 को बैंक ऑफ़ इंडिया, फतेहपुरा रोड शाखा के सहयोग से बैंकिंग एवं व्यवसायिक अर्थशास्त्र विभाग, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर द्वारा यू.जी.सी-सी.ओ.सी. की छात्राओं को कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. श्याम कुमावत की अध्यक्षता में बैंक भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर बैंक की शाखा प्रमुख जितेंद्र सोनी के निर्देशन में, असिस्टेंट मैनेजर अपूर्वा आमेटा ने विद्यार्थियों को बैंकिंग के विभिन्न आयामों से परिचित करवाया इसके अलावा लोनके प्रकार, एजुकेशन लोन, सिबिल स्कोर, के.वाई.सी. ,री-पेमेंट, गारंटी, सिक्योरिटी आदि के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बैंक कर्मचारी सुरभि अग्रवाल द्वारा छात्राओं को खाता संबंधी विविध जानकारियां प्रदान की गई, छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिये तथा बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई । छात्राओं ने नोट मशीन, ए.टी.एम मशीन किस तरीके से कार्य करती है एवं पासबुक की एंट्री किस प्रकार की जाती है आदि की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की । बैंक ऑफ़ इंडिया के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर यू.जी.सी-सी.ओ.सी. समन्वयक डॉ. मंजू खत्री, छात्र-संघ अधिष्ठाता प्रो. मंजू बारूपाल एवं सह-समन्वयक सपना और डॉ. नीलम रामेजा उपस्थित रहे।




Newspaper: Rajasthan Patrika 25.11.2023



# छात्राओं को कराया बैंक भ्रमण



**उदयपुर.** बैंक ऑफ इंडिया फतेहपुरा रोड शाखा के सहयोग से बैंकिंग एवं व्यवसायिक अर्थशास्त्र विभाग, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की ओर से यूजीसी-सीओसी की छात्राओं को कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. श्याम कुमावत की अध्यक्षता में बैंक भ्रमण करवाया गया। बैंक शाखा के प्रमुख जितेंद्र सोनी के निर्देशन में असिस्टेंट मैनेजर अपूर्वा आमेटा ने विद्यार्थियों को बैंकिंग के विभिन्न आयामों से परिचित करवाया व बैंकिंग जानकारी दी। बैंक से सुरभि अग्रवाल ने खाता संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं ने नोट मशीन, एटीएम मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान यूजीसी-सीओसी समन्वयक डॉ. मंजू खत्री, छात्र-संघ अधिष्ठाता प्रो. मंजू बारूपाल, सह-समन्वयक सपना और डॉ. नीलम रामेजा आदि उपस्थित रहे।

# 5. 5 day's Student Training and Development Program (STDP)

## राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

### बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग

### UGC-COC& स्नाकोत्तर परिषद

### पाँच दिवसीय विद्यार्थी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

### रिपोर्ट

**प्रथम दिवस (15.01.2024)**

**विषय: न्यू एज करियर इन बैंकिंग**

दिनांक 15.01.2024 राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संचालित UGC-COC एवं स्नातकोत्तर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पाँच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में रोज़गार में हुए नवोन्मेष के बारे में अवगत कराना तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के विकास के साथ ही ज्ञान के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने बदलते परिवेश एवं प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था के युग मैं बैंकिंग नवाचार की अनिवार्यता बतायी तथा उन्होंने बताया की छात्राएँ मेहनत लगन से आगे बढ़ते हुए अपने उद्देश्यों को हासिल कर सकती है इस तरह के स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम न केवल विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाते हैं बल्कि रोज़गार प्राप्ति में भी सहायक होते हैं। UGC COC प्रोग्राम कि समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने पाँच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विषय विशेषज्ञ एम प्रोफ़ेशनल के डायरेक्टर तथा प्रोग्राम के ट्रेनर मि. तरुण टाँक ने छात्राओं को "न्यू एज करियर इन बैंकिंग" के विषय पर बैंकिंग सेक्टर, बैंकिंग जॉब, सैलरी, जॉब बेनिफिट्स के बारे में बताया तथा छात्राएँ इस कोर्स द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोज़गार अवसरों को कैसे प्राप्त कर सकती है इसके बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. स्नेहा बावेल द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में प्रो. सुनील शुक्ला, डॉ. इंदु अरोड़ा, डॉ. वंदना मेघवाल, डॉ. साक्षी चौहान, डॉ. नीलम रामेजा एवं अन्य उपस्थित रहे।


E.A.F.M. (B.B.E.)
ORIENTED COURSE




CAREER ORIENTED COURSE
New Perspectives in Banking in India
Deptt. of Banking and Business Economics
Govt. Meera Girls College, Udaipur (Raj.)




**द्वतीय दिवस (16.01.2024)**

**विषय: बैंकिंग रोजगार में नवोन्मेष**

पाँच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के द्वतीय दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने बदलते परिवेश एवं प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था के युग में बैंकिंग नवाचार की अनिवार्यता बतायी तथा उन्होंने बताया कि छात्राएँ मेहनत लगन से आगे बढ़ते हुए अपने उद्देश्यों को हासिल कर सकती है इस तरह के स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम न केवल विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाते हैं बल्कि रोज़गार प्राप्ति में सहायक होते हैंI UGC-COC प्रोग्राम की समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने पाँच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की I विषय विशेषज्ञ एम प्रोफ़ेशनल के डायरेक्टर तथा प्रोग्राम के ट्रेनर मि. तरुण टाँक ने छात्राओं को बैंकिंग रोजगार में नवोन्मेष विषय पर प्रभावी रिज्यूमे बनाने एवं रिज्यूमे में होने वाली गलतियों से अवगत करायाI नयी भर्तियो में पूछे जाने वाले प्रश्नों, पुराने प्रश्न पत्रों एवं उनके उत्तरों की बारीकियों को विस्तार से समझाकर प्रशिक्षित किया, साथ ही छात्राओं के मोक इंटरव्यू भी लिये गये I छात्राएँ इस कोर्स द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोज़गार अवसरों को कैसे प्राप्त कर सकती है इसके बारे में जानकारी प्रदान कीI सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लियाI कार्यक्रम में सह-समन्वयक सपना मुडोतिया, डॉ. नीलम रामेजा एवं समस्त वाणिज्य संकाय सदस्य उपस्थित रहेI














तृतीय दिवस (18.01.2024 )

विषय: आत्मरक्षा प्रशिक्षण

पाँच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तृतीय दिवस पर प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा के सामान्य गुर जैसे कि वर्तमान स्थति का अवलोकन करना, मोबाइल में सेफ्टी एप्स रखना, अनजान जगह जाने पर अपनी लोकेशन, गाड़ी नंबर, आदि फैमिली मेम्बेर्स को शेयर करना, हेल्पलाइन नंबर डायल करना, पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करना, हमेशा आत्मविश्वास दिखाना, इत्यादि सीखकर भी बड़ी से बड़ी अप्रिय घटनाओं से बच सकती हैंI DySP चेतना भाटी के सानिध्य में लेडी पेट्रोलिंग टीम मेम्बर मीनाक्षी एवं भावना ने बताया की आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो लडकियों को अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित घटनाओं के लिए तैयार रहने में मदद करता है I ट्रेनिंग में छात्राओं को पंचिंग विधियां, गला एवं कमर छुड़ाना, शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों पर वार करना सिखायाI महाविद्यालय की 60 छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया साथ ही सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट्स वितरित किये गये I












**चतुर्थ दिवस (19.01.2024)**

**विषय: पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली, योजनायें एवं रिक्रुमेंट प्रणाली**

पाँच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए भविष्य में पोस्ट ऑफिस में रोजगार प्रति हेतु अभ्यास, व्यावहारिक जानकारी, नियमित अध्ययन एवं कठिन परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया साथ ही पोस्ट-ऑफिस ब्रांच मधुबन, से पधारे पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा, DO-PLI राहुल सोनी, पोस्ट मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव कुबेर शर्मा एवं पोस्टल असिस्टेंट निधि सोनी ने छात्राओं को पोस्ट-ऑफिस की आज के युग में महत्ता के बारे में जानकारियां साझा करते हुए भारत में डाकघर का इतिहास, पोस्ट-ऑफिस के स्वरूप में आये बदलावों एवं कार्यप्रणाली के बारें में बताया I राहुल सोनी ने पोस्ट ऑफिस की विभिन्न स्कीमों जैसे की लघु बचत एवं निवेश स्कीम, RD, FD, MIS (मंथली इनकम स्कीम),

एससीएस ( सीनियर सिटीजन स्कीम ) सुकन्या समृधि योजना, महिला सम्मान योजना, पोस्टल लाइफ इन्सुरेंस, PPF बारे इत्यादि के बारे में बतया I निधि सोनी ने छात्राओं को पोस्ट ऑफिस में करियर के अवसरों के बारे में अवगत कराया तथा छात्राओं के जिज्ञासाओं को समझा I





















**पंचम दिवस (20.01.2024)**

**विषय: व्यवहारिक जीवन जीने की कला**

पाँच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतिम दिन विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने पांच दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं छात्राओं को अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि अगर विद्यार्थी समय का सदुपयोग कर खुद को अनुशासित रखतें है तो वह अवश्य ही सफलता की सीढ़ी चढ़ते है I कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. राकेश दशोरा ने " I Am OK, You Are OK" थीम पर विशेष व्याख्यान में बताया कि हम सभी एक डिफ़ॉल्ट "ठीक नहीं" के साथ पैदा हुए हैं, लेकिन हमारे पास अपनी "ठीक नहीं" की स्थिति को "मैं

ठीक हूं” में बदलने का हुनर है I एक व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं परिस्थिति का अवलोकन करते हुए हम किसी भी व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक स्थिति का पता लगाने में सक्षम होते हैं I उन्होंने छात्र जीवन को सफल बनाने के फंडे बताते हुए कहा कि जीवन कौशल सीखे जा सकते हैं तथा उनमे सुधार भी किया जा सकता है I समापन समारोह पर छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी I कार्यक्रम के अंत में सह-समन्वयक सपना द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी छात्राओं, छात्रसंघ अधिष्ठाता प्रो. मंजू बारुपाल एवं समस्त वाणिज्य संकाय सदस्य डॉ. इंदु अरोरा, डॉ. वंदना मेघवाल, डॉ. स्नेहा बावेल, डॉ. साक्षी चौहान, डॉ. नम्रिता यादव, डॉ. किरण मीणा, पायल बडाला एवं डॉ. नीलम रामेजा का आभार व्यक्त किया I

## कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति

प्रथम दिवस = 27
द्वतीय दिवस = 22
तृतीय दिवस =15 (COC&PG) and 61 (self-defense training)
चतुर्थ दिवस = 18
पंचम दिवस =24
Average = 27+22+61+18+24= 31

## कार्यक्रम के दौरान ली गई फोटोज












स्नातकोत्तर परिषद्
WORKSHOP SKILL DEVELOPMENT TRAINING PROGRAMME
EAFM (BBE)
CAREER ORIENTED COURSE
New Perspectives in Banking in India
Deptt. of Banking and Business Economics


WORKSHOP SKILL DEVELOPMENT TRAINING PROGRAMME
Banking and Business Economics Department
GOVERNMENT MEERA GIRLS COLLEGE UDAIPUR


WORKSHOP SKILL DEVELOPMENT TRAINING PROGRAMME
Banking and Business Economics Department
GOVERNMENT MEERA GIRLS COLLEGE UDAIPU






CAREER ORIENTED COURSE
New Perspectives in Banking in India
Dept. of Banking and Business Economics
Govt. Meera Girls College, Udaipur (Raj.)










विभिन्न अखबारों में कार्यक्रम की खबरें-

उदयपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024 **5**

**छोटी-बड़ी खबरें**

## स्वरोजगार के लिए दिया मार्गदर्शन



उदयपुर। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में नेशनल स्टार्टअप डे मनाया गया। कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार चौधरी ने बताया कि छात्राओं का मार्गदर्शनस किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने छात्राओ को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव त्रिवेदी द्वारा कलक्ट्रेट में संचालित आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर के बारे में बताया। इसी तरह महाविद्यालय के बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग एवं स्नाकोत्तर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने बदलते परिवेश एवं प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था के युग में बैंकिंग नवाचार की अनिवार्यता बताई। डॉ. मंजू खत्री, तरुण टांक ने भी विचार व्यक्त किए।

राजस्थान पत्रिका 17.01.2024

# विद्यार्थी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम



उदयपुर. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से संचालित यूजीसी-सीओसी एवं स्नाकोत्तर परिषद के तत्वावधान में पांच दिवसीय स्टूडेंट डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने की। विषय विशेषज्ञ तरुण टांक ने छात्राओं को बैंकिंग रोजगार में नवोन्मेष विषय पर प्रभावी रिज्यूमे बनाने एवं रिज्यूमे में होने वाली गलतियों से अवगत कराया। नई भर्तियो में पूछे जाने वाले प्रश्नों, पुराने प्रश्न पत्रों एवं उनके उत्तरों की बारीकियों को विस्तार से समझाकर प्रशिक्षित किया, साथ ही छात्राओं के मॉक इंटरव्यू भी लिए गए।

दैनिक भास्कर 17.01.2024

# छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**उदयपुर.** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से संचालित यूजीसी-सीओसी एवं स्नातकोत्तर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम तीसरे दिन भी जारी रहा।

प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने बताया कि छात्राओं ने आत्मरक्षा के सामान्य गुर सीखे। पुलिस उपाधीक्षक चेतना भाटी के नेतृत्व में लेडी पेट्रोलिंग टीम मेम्बर मीनाक्षी एवं भावना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रोग्राम समन्वयक डॉ. मंजू खत्री, सह-समन्वयक सपना मुडोतिया, डॉ. नीलम रामेजा आदि मौजूद रहे।

राजस्थान पत्रिका 18.01.2024

# शिविर में आत्मरक्षा के गुर सिखाए

उदयपुर। मीरा कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय स्टूडेंट डवलपमेंट प्रोग्राम हुआ।

अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा के सामान्य गुर जैसे कि वर्तमान स्थिति का अवलोकन करना, मोबाइल में सेफ्टी एप्स रखना, अनजान जगह जाने पर अपनी लोकेशन, गाड़ी नंबर, आदि परिवार को शेयर करना, हेल्पलाइन नंबर डायल करना, पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करना आदि का ध्यान रखना चाहिए।

साथ ही सभी का अभ्यास भी करना चाहिए ताकि कठिन समय में हालात से लड़ सके। डीवाईएसपी चेतना भाटी के सान्निध्य में लेडी



पेट्रोलिंग टीम मेंबर मीनाक्षी एवं भावना ने बताया कि लड़कियों को अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित घटनाओं के लिए तैयार रहने में मदद करता है।

ट्रेनिंग में छात्राओं को पंचिंग विधियां, गला एवं कमर छुड़ाना, शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों पर वार करना सिखाया।

दैनिक नवज्योति 18.01.2024

उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा द्वारा आयोजित होगी।

## पोस्ट ऑफिस की बताई कार्यप्रणाली



उदयपुर। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम की अध्यक्षता में चल रहे स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम केचौथे दिन विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने पोस्ट ऑफिस में रोजगार के लिए व्यावहारिक जानकारी, नियमित अध्ययन एवं कठिन परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। पोस्ट-ऑफिस ब्रांच मधुबन के पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा, राहुल सोनी, पोस्ट मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव कुबेर शर्मा एवं पोस्टल असिस्टेंट निधि सोनी ने छात्राओं को पोस्ट-ऑफिस की कार्यप्रणाली बताई। राहुल सोनी ने लघु बचत एवं निवेश स्कीम, सुकन्या समृधि योजना, महिला सम्मान योजना आदि की जानकारी दी।

राजस्थान पत्रिका 20.01.2024

## अनुशासन का बताया महत्व



राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम की अध्यक्षता में चल रहे स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतिम दिन विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. मंजू खत्री ने छात्राओं को अनुशासन का महत्व बताया। मुख्य वक्ता प्रो. राकेश दशोरा ने छात्र जीवन को सफल बनाने के गुर सिखाए। सह-समन्वयक सपना, छात्रसंघ अधिष्ठाता प्रो. मंजू बारुपाल, डॉ. इंदु अरोरा, डॉ. वंदना मेघवाल, डॉ. स्नेहा बावेल, डॉ. साक्षी चौहान, डॉ. नम्रिता यादव, डॉ. किरण मीणा, पायल बडाला एवं डॉ. नीलम रामेजा आदि मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति 21.01.2024

# 6. विशेष व्याख्यान

**विषय: महिला सशक्तिकरण और समय प्रबंधन**

1 फरवरी 2024 को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के कॉमर्स लैब में, प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम के नेतृत्व में एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. यदु राव ने की। व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को लक्ष्य के प्रति प्रेरित करना और सशक्तिकरण करना रहा, जिससे वे अपनी पढ़ाई और परीक्षा की दिशा में सफलता प्राप्त कर सकें। पहला व्याख्यान सहा. आचार्य पायल बडाला द्वारा लिया गया, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। इस सत्र ने महिलाओं को समाज में अधिक सकारात्मक रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया और स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। दूसरा व्याख्यान सहा. आचार्य सपना द्वारा लिया गया, जिसमें समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारित करने पर बातचीत की गई। इस सत्र ने छात्राओं को अपने समय को सही तरीके से प्रबंधित करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कदम उठाने की प्रेरणा दी। छात्राएँ इसे एक सकारात्मक अनुभव के रूप में याद करेंगी जिसने उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद मिलेगी। इस दौरान डॉ. इंदु अरोड़ा, डॉ. स्नेहा वाबेल, डॉ. वंदना मेघवाल, डॉ. साक्षी चौहान, डॉ. नम्रता यादव, डॉ. किरण मीणा, और डॉ. मंजू खत्री उपस्थित रहे। total No. of students is ......



